दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, सोमवार 19 मई 2025
www.nyaysakshi.com

संपादकीय

लड़कियों का बेहतर प्रदर्शन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 12वीं और 10वीं कक्षा के मंगलवार को घोषित नतीजों में लड़कियों ने एक बार फिर लडक़ों से बेहतर प्रदर्शन किया।

पिछले साल की तुलना में इस साल 12वीं कक्षा की परीक्षा में 90 फीसद से ज्यादा अंक अर्जित करने वाले छात्रों की संख्या में मामूली कमी आई है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि 12वीं में 88.39 फीसद उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए हैं, जबकि 10वीं कक्षा की परीक्षा 93 फीसद छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं और लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत लड़कियों से दो फीसद अधिक रहा।

सीबीएसई की कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 93.66 फीसद परीक्षार्थी पास हुए हैं। इस बार भी बोर्ड ने मेरिट लिस्ट (मेधा सूची) जारी नहीं की यानी किस बच्चे ने टॉप किया और कौन बच्चा दूसरे, तीसरे नंबर पर रहा यह नहीं बताया गया। मेधा सूची जारी न करने के पीछे प्रमुख कारण बताया गया कि इससे बच्चों में बेवजह की प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। सबसे ज्यादा चिंतनीय बात तो यह कि अनेक बच्चे इससे अहसासे कमतरी तक का शिकार हो जाते हैं।

वैसे भी बोर्ड परीक्षा का हौवा इतना रहता है कि परीक्षार्थी काफी पहले से नर्वस दिखलाई पड़ने लगते हैं। हालाकि बोर्ड परीक्षा अब आम परीक्षा जितनी अहमियत वाली रह गई हैं क्योंकि उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए सीयूईटी जैसी परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य बनाया जा चुका है। इसलिए बोर्ड परीक्षाओं की पहले जैसी धमक नहीं रही। लेकिन हर साल की तरह इस बार भी तमाम निजी स्कूल और कोचिंग संस्थान बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंकों से पास हुए छात्र-छात्राओं को फोटो के साथ मुबारकबाद देने का सिलसिला जमाए हुए हैं।

लगता है कि एक समूचा तंत्र ही सक्रिय हो उठा है, जिसके जरिए निजी स्कूल अपनी मार्केटिंग करने में जुटे हैं। जिस नीयत से सीबीएसई ने मेधा सूची जारी न करने का फैसला किया था, उसे ये निजी संस्थान पलीता लगा रहे हैं। तत्काल इस प्रकार के उपक्रम पर रोक लगाई जानी चाहिए।

इस तरीके से अभिभावकों को भ्रम में डाला जा रहा है, और ज्यादा से ज्यादा छात्रों के इनटेक के लिए कवायद निजी स्कूलों और संस्थानों द्वारा की जा रही है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ अच्छा न कर पाने वालों के लिए यह संदेश कि सतत प्रयत्नशील बने रहें।

एसबीआई ग्राहकों को झटका : फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में फिर हुई कटौती

नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के करोड़ों ग्राहकों के लिए यह खबर थोड़ी निराशाजनक हो सकती है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने एक बार फिर अपनी सावधि जमा (एफडी) योजनाओं पर मिलने वाली ब्याज दरों में कटौती कर दी है। इसका सीधा मतलब है कि अब ग्राहकों को अपनी जमा राशि पर पहले से कम ब्याज मिलेगा।

बैंक की वेबसाइट के अनुसार, ब्याज दरों में यह बदलाव बीते 16 मई, 2025 से प्रभावी हो गया है। गौरतलब है कि यह एक महीने के भीतर एफडी ब्याज दरों में एसबीआई की दूसरी कटौती है। इससे पहले 15 अप्रैल, 2025 को भी दरों में संशोधन किया गया था।

एसबीआई ने 3 करोड़ रुपये से कम की रिटेल सावधि जमाओं पर सभी अवधियों के लिए ब्याज दरों में 20 आधार अंकों (बीपीएस) की कमी की है। इस कटौती के बाद, सामान्य नागरिकों के लिए एफडी पर ब्याज दरें 3.30% से 6.70% प्रति वर्ष के बीच होंगी। इससे पहले, ये दरें 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए 3.50% से 6.90% प्रति वर्ष के बीच थीं।

बैंक की खास अमृत वृष्टि (444 दिन की अवधि) योजना पर भी ब्याज दर में 20 बीपीएस की कटौती की गई है। सामान्य ग्राहकों के लिए इस योजना पर ब्याज दर को 7.05% से घटाकर अब 6.85% कर दिया गया है।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी एसबीआई की विशेष एफडी योजनाओं पर ब्याज दरों में संशोधन हुआ है। वरिष्ठ नागरिकों को अब विशेष योजना के तहत 7.35% प्रति वर्ष की ब्याज दर मिलेगी। वहीं, अति वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष और उससे अधिक आयु के) को प्रति वर्ष 7.45% की ब्याज दर की पेशकश की जाएगी। बैंक की वी-केयर डिपॉजिट स्कीम की ब्याज दर में भी कमी की गई है। इस कटौती से फिक्स्ड डिपॉजिट कराने वाले ग्राहकों की आय पर सीधा असर पड़ेगा और उन्हें अब कम रिटर्न मिलेगा।

इमामी का चौथी तिमाही में मुनाफा 41.9 प्रतिशत घटा, आय भी 8.3 प्रतिशत गिरी

मुंबई

एफएमसीजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इमामी लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही (चौथी तिमाही) में उसका शुद्ध लाभ 41.9 प्रतिशत घटकर 162.17 करोड़ रुपए रह गया, जबकि पिछली तिमाही (दिसंबर तिमाही) में यह आंकड़ा 278.98 करोड़ रुपए था।

जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी की आय 8.3 प्रतिशत घटकर 963.05 करोड़ रुपए रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2025 की दिसंबर तिमाही में यह 1,049.48 करोड़ रुपए थी।

कुल खर्च भी चौथी तिमाही में लगभग 4.62 प्रतिशत बढक़र 743.61 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछली तिमाही में यह 710.79 करोड़ रुपए था।

हालांकि, वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में इमामी का कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 8.9 प्रतिशत बढक़र 162.17 करोड़ रुपए हो गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 148.90 करोड़ रुपए था।

कंपनी की कंसोलिडेटेड आय भी वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 8.1 प्रतिशत बढक़र 963.05 करोड़ रुपए हो गई है। पूरे वित्त वर्ष 25 में इमामी ने 3,809.19 करोड़ रुपए की आय अर्जित की, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत अधिक है। पूरे वित्त वर्ष 25 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 11.5 प्रतिशत बढक़र 806.46 करोड़ रुपए हो गया। इमामी के ग्लोबल ऑपरेशंस में चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इमामी के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हर्ष वी अग्रवाल ने कहा कि कंपनी के घरेलू व्यवसाय में चौथी तिमाही में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसकी वजह वॉल्यूम में 7 प्रतिशत का इजाफा होना है।

कंपनी के वाइस चेयरमैन और पूर्णकालिक निदेशक मोहन गोयनका ने कहा कि कंपनी ने वर्ष के दौरान 25 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च किए और वित्त वर्ष 26 में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। बोर्ड ने 2 रुपये प्रति शेयर के स्पेशल डिविडेंड को मंजूरी दी, जिससे वित्त वर्ष 25 के लिए कुल डिविडेंड भुगतान 10 रुपए प्रति शेयर हो गया है।

विदेशी मुद्रा भंडार में आया बड़ा उछाल, 4.5 अरब डॉलर का हुआ इजाफा

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 9 मई को समाप्त हुए हफ्ते में 4.5 अरब डॉलर बढक़र 690.62 अरब डॉलर हो गया है। आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। समीक्षा अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियों की वैल्यू 19.6 करोड़ डॉलर बढक़र 581.37 अरब डॉलर हो गई है। विदेशी मुद्रा आस्तियों में अमेरिकी डॉलर के अलावा अन्य मुख्य विदेशी मुद्राएं जैसे यूरो, पाउंड और येन शामिल होती हैं।

9 मई को समाप्त हफ्ते में गोल्ड रिजर्व की वैल्यू 45 लाख डॉलर बढक़र 86.33 अरब डॉलर हो गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार की वैल्यू 2.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.53 अरब डॉलर रह गई। समीक्षाधीन हफ्ते में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 13.4 करोड़ डॉलर घटकर 4.37 अरब डॉलर रह गई। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तरह की मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को मजबूती मिलती है।

फॉक्सकॉन की बेंगलुरु यूनिट से आईफोन की शिपमेंट जून में हो सकती है शुरू

नई दिल्ली

कर्नाटक के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने हाल ही में जानकारी दी कि ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग फॉक्सकॉन की बेंगलुरु स्थित यूनिट लॉन्च के लिए लगभग तैयार है। इसी के साथ, जून की शुरुआत में ही कमर्शियल आईफोन की शिपमेंट शुरू होने की उम्मीद है।

देश अब वैश्विक स्तर पर 'मेक इन इंडिया' पहल की राह पर अग्रसर है। रिपोर्ट्स की मानें तो टेक्नोलॉजी दिग्गज एप्पल अगले साल तक अमेरिका के लिए आईफोन की पूरी असेंबली भारत में शिफ्ट कर सकता है। पाटिल के अनुसार, देवनहल्ली आईटीआईआर में फॉक्सकॉन की यूनिट लॉन्च के लिए लगभग तैयार है और जून की शुरुआत में ही कमर्शियल आईफोन की शिपमेंट शुरू होने की उम्मीद है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह केवल मैन्युफैक्चरिंग का मील का पत्थर नहीं है।

राज्य मंत्री ने कहा, यह एक रणनीतिक बदलाव है। भू-राजनीतिक और टैरिफ दबाव बढऩे के साथ, भारत तेजी से एप्पल का पसंदीदा उत्पादन केंद्र बन रहा है। यह विकास वैश्विक विनिर्माण में कर्नाटक की स्थिति को मजबूत करता है और हितधारकों के हितों से समझौता किए बिना अधिक विदेशी निवेश के द्वार खोलता है।

एप्पल के सीईओ टिम कुक ने पुष्टि की है कि जून तिमाही के लिए, अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकांश आईफोन भारत में बनाए जाएंगे।

पाटिल ने कहा, एक कन्नड़ व्यक्ति के रूप में, यह एक गर्व का क्षण है। मैसूर से क्यूपर्टिनो तक, कर्नाटक वैश्विक सुर्खियां बटोर रहा है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, भारत अब वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया हासिल कर रहा है। भारत में एप्पल के कॉन्ट्रैक्ट निर्माता पहले से ही अपने परिचालन का विस्तार कर रहे हैं।

बेंगलुरु में फॉक्सकॉन का नया प्लांट पूरी क्षमता से 20 मिलियन आईफोन का उत्पादन कर सकता है।

भारत में एप्पल की मैन्युफैक्चरिंग पावर पहले से ही प्रभावशाली है। पिछले साल भारत में 22 बिलियन डॉलर के आईफोन असेंबल किए गए, जिसमें तमिलनाडु स्थित फॉक्सकॉन ने एप्पल के निर्यात में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान दिया।

आरसीबी बनाम केकेआर मैच हुआ रद्द, कोलकाता प्लेऑफ से बाहर, आरसीबी पहुंची टॉप पर

बेंगलुरु

आईपीएल 2025 का 58 वां मैच (आरसीबी बनाम केकेआर) बारिश की वजह से बिना टॉस हुए रद्द हो गया. ये मैच एम चिन्नस्वामी स्टेडियम में खेला जाना था, लेकिन बारिश ने टॉस तक नहीं होने दिया. दोनों टीमों ने एक-एक अंक साझा किया.

इस मैच के रद्द होने के बावजूद आरसीबी के कुल 17 अंक हो गए है और वो अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है. अगर कल डीसी या पीबीकेएस में से कोई भी हार जाता है, तो आरसीबी आधिकारिक रूप से प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएगी.

वहीं केकेआर के लिए मैच का रद्द होने विनाश का संकेत है, क्योंकि वो अब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गया है. केकेआर के 13 मैच में केवल 12 पॉइंट्स ही है. पिछले साल की चैंपियन इस साफ टूर्नामेंट से ही बाहर हो गई है. जो कि केकेआर फैंस के लिए बड़ा झटका है.

आज के मैच से हर किसी को धमाकेदार एक्शन की उम्मीद थी क्योंकि इस सीजन का आईपीएल 10 दिन के ब्रेक के बाद फिर से शुरू हुआ था, लेकिन बारिश ने खेल बिगाड़ दिया. कुछ दिन पहले विराट के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद उन्हें ट्रिब्यूट देने के लिए सफेद जर्सी में आए प्रशंसकों के लिए यह दुखद था.

आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से बाहर होने वाली केकेआर चौथी टीम है. कोलकाता 3 बार आईपाएल का टाईटल जीत चुकी है. इससे पहले 5 बार टाइटल जीतने वाल सीएसके, 2 बार खिताब जीतने वाली एसआरएच और एक बार आईपीएल की ट्रॉफी उठाने वाल राजस्थान प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है.

आरसीबी का अगला मैच अब 23 मई को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से बेंग्लुरु में ही है जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का अगला मैच भी एसआरच से 25 मई को देल्ली में है.

गर्मियों के दौरान रोजाना एक गिलास नींबू पानी का सेवन करने से मिल सकते हैं कई फायदे

गर्मियों में नींबू पानी पीना एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आपको ताजगी देता है, बल्कि आपके शरीर को पानी से भरपूर रखता है और कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। नींबू में विटामिन-सी, पोटेशियम और अन्य जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो आपके शरीर को ऊर्जा देते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं।

शरीर को पानी से भरपूर रखने में है कारगर- गर्मियों में पसीना बहुत आता है, जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। नींबू पानी पीने से शरीर को पानी मिलता है और यह शरीर की गर्मी को कम करता है। इसमें मौजूद विटामिन-सी और पोटेशियम शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं। इसके अलावा नींबू पानी पीने से आपकी त्वचा भी ताजगी महसूस करती है और आपको ऊर्जा मिलती है। नियमित रूप से एक गिलास नींबू पानी पीने से आप तरोताजा और स्वस्थ रहते हैं।

पाचन तंत्र को सुधारने में है मददगार- नींबू पानी का सेवन पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद खट्टा पदार्थ पेट में एसिडिटी को कम करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है। इसके अलावा नींबू पानी पीने से पेट साफ रहता है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। नींबू पानी में मौजूद विटामिन-सी भी पाचन के लिए अच्छे होते हैं, जिससे खाना जल्दी और सही तरीके से पचता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में है सहायक- नींबू पानी विटामिन-सी का अच्छा स्रोत होता है, जो हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। यह हमें मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी-खांसी आदि से बचाता है और शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स की कमी को पूरा करता है। इसके अलावा नींबू पानी में मौजूद जीवाणुरोधी गुण भी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देते हैं। नियमित रूप से एक गिलास नींबू पानी पीने से आप तरोताजा और स्वस्थ रहते हैं, जिससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता और भी मजबूत होती है।

वजन नियंत्रित करने में है प्रभावी- नींबू पानी में मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कैलोरी बर्न होती रहती है और वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है। इसके अलावा नींबू पानी पिएं तो आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे ज्यादा खाना नहीं होता है।

आत्मा जी, दर्शन दो ना...

श्रेयस और तुषार की हॉरर-कॉमेडी कंपकंपी का ट्रेलर रिलीज

श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर हॉरर-कॉमेडी फिल्म कंपकंपी का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इसके ट्रेलर में हंसी और डर का मिश्रण देखने को मिलेगा।

फिल्म कंपकंपी का निर्देशन संगीथ सिवन ने किया है। यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जिसने प्रशंसकों की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।

फिल्म कंपकंपी का ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज हुआ है। इसमें आपको हंसी, मजाक मस्ती के बीच हॉरर का तडक़ा देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत होती है लाइट जाने से-जैसे ही कोई स्विच बोर्ड पर लाइट जलाने के लिए बटन दबाता है तभी अचानक सफेद साड़ी में लिपटी किसी लडक़ी का खौफनाक चेहरा दिखाई देता है और शुरू होता है असली खेल...

फिल्म को लेकर तुषार ने इंस्टाग्राम पोस्टर पर फिल्म कंपकंपी का ट्रेलर वीडियो दिखाया और साथ ही कैप्शन में लिखा, उन्हें लगा कि यह सिर्फ एक खेल है... आत्माओं के पास कुछ और ही योजनाएं थीं। इस मुश्किल महीने में हम सभी को कुछ हंसी की जरूरत है।

कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ का ट्रेलर रिलीज, 70 की उम्र में करते दिखे धुंआधार एक्शन

साउथ एक्टर कमल हासन की मच अवेटेड फिल्म 'ठग लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 2 मिनट के इस ट्रेलर में दिग्गज अभिनेता का दमदार एक्शन फैंस का ध्यान खींच रहा है। ट्रेलर में इमोशन्स, ड्रामा और धुंआधार एक्शन देखने को मिल रहा है।

मनिरत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' के ट्रेलर में सबसे पहले कमल हासन को दिखाया जाता है। राजधानी दिल्ली के बैकग्राउंड में कहानी को दिखाया जा रहा है। ट्रेलर में सबसे पहले एक बच्चे से कमल हासन कहते हैं- 'जान तूने ही बचाई है मेरी, यमराज के चंगुल से बाहर निकाल लाया है मुझे।'

इसके बाद वो बच्चे से कहते हैं कि अब से तू और मैं आखिरी तक एक साथ रहेंगे। इसके बाद दिखाया गया है कि वो बच्चा जिसका नाम अमर है, अब बड़ा हो चुका है और कमल हासन के साथ उसका बॉन्ड और रिश्ता ही पूरी फिल्म की नींव के तौर पर नजर आ रहा है।

केसरी चैप्टर 2 का ट्रेलर तेलुगू भाषा में हुआ रिलीज, 23 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

अक्षय कुमार के बॉक्स ऑफिस खेल को अजय देवगन की फिल्म रेड 2 ने भले ही कुछ समय के लिए बिगाड़ा हो लेकिन खिलाड़ी ने अभी हार नहीं मानी है।

दरअसल, वह हिंदी के बाद अब केसरी चैप्टर 2 को तेलुगू भाषा में भी रिलीज करने वाले हैं, जिसका ऐलान कुछ ही दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर कर लिया था।

इससे पहले अब केसरी 2 का तेलुगू ट्रेलर दर्शकों के बीच आ चुका है।

अक्षय ने सोशल मीडिया पर लिखा, उन्होंने गोलियां चलाईं, उसने सच के साथ जवाबी फायरिंग की। केसरी चैप्टर 2 का तेलुगू ट्रेलर रिलीज हो गया है। तेलुगू भाषा में यह फिल्म 23 मई को सिनेमाघरों में आ रही है।

इस पर एक यूजर ने लिखा, ये फिल्म न सिर्फ हिंदी और तेलुगू, बल्कि हर भाषा में रिलीज होनी चाहिए, क्योंकि ये हर भारतीय का गर्व है।

एक कमेंट है, अब साउथ में धमाच मचाएगी अक्षय और आर माधवन की जोड़ी।

देशभक्ति और ऐतिहासिक घटना को लेकर बनी केसरी 2 ने दर्शकों के बीच खास पहचान बना ली है।

फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, रेड 2 से इसकी कमाई जरूर प्रभावित हुई। ऐसे में अब केसरी 2 के निर्माताओं ने एक बड़ा कदम उठाया है।

इस फिल्म को अब तेलुगु दर्शक भी मिलेंगे।

अक्षय ने फिल्म को तेलुगू में रिलीज करने का एक ऐसा दांव खेला है, जो बॉक्स ऑफिस का पूरा गणित बदल सकता है।

केसरी 2 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के इर्द-गिर्द की भयावह घटनाओं को दिखाती है।

शब्द सामर्थ्य- 52

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 051 का हल

वि	ज	य	■	ब	नि	या	■	दे
वा	■	ती	त	र	■	रा	जी	व
ह	मा	म	■	स	प	ना	■	ता
■	न	■	■	■	टा	■	■	■
दा	व	त	■	वि	ना	श	■	अ
य	■	ह	त्या	■	■	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	■	न	ज	र	■	व
■	वा	■	■	■	मी	■	ना	श्य
दु	ला	रा	■	जा	न	की	■	क

सू-दोकू- 52

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 051 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7

आज का राशिफल

मेष : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है, जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको रिलैक्स फील होगा।

वृष : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कूरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में आपकी तारीफ होगी और आपके काम करने की स्किल को सराहना मिलेगी। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढिय़ा साबित होंगे।

कर्क : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

सिंह : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनाएंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी।

कन्या : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप अपने दिन की शुरुआत किसी जरूरतमंद की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में धार्मिक अनुष्ठान होने से परिवार में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा।

तुला : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको शिक्षा में आ रही समस्या से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढक़र हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

धनु : आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जाएंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगे तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें।

मकर : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी काम में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है आप ज्यादातर समय व्यस्त रहेंगे। आज कार्य स्थल पर आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलकर आपको अच्छा लगेगा।

कुंभ : आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में नया काम सामने आ सकता है, काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे।

मीन: आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आज आपको किसी काम को पूरा करने के लिए बड़े भाई की सहायता लेनी पड़ सकती है। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किए गये कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।